प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

मशरूम उत्पादन पर रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

पंतनगर। 29 अक्टूबर 2020। पंतनगर विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार शिक्षा की प्रशिक्षण इकाई द्वारा कोविड-19 के बाद प्रथम ऑफलाइन 'मशरूम उत्पादन' विषय पर चार दिवसीय रोजगारपरक कौशल दक्षता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हुआ। समापन समारोह पर निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. अनिल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि खेती के साथ-साथ मशरूम उत्पादन एवं अन्य विविधीकरण तरीके जैसे मधुमक्खी पालन, पशुपालन एवं बकरी पालन को कृषक अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकते है। प्रभारी प्रशिक्षण, डा. एस.के. बंसल ने कहा कि कृषक मशरूम उत्पादन को एक व्यवसाय के रूप में अपनाकर कृषि के साथ-साथ अतिरिक्त लाभ प्राप्त कर सकते है। मशरूम उत्पादन एवं प्रशिक्षण केन्द्र के संयुक्त निदेशक, डा. के.पी.एस. कुशवाहा ने मशरूम के पोषकीय एवं औषधीय महत्व, गुणवत्ता मानक के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी दी। कार्यक्रम में मशरूम उत्पादन से संबंधित वैज्ञानिकों द्वारा विभिन्न प्रजातियों, रोग एवं कीट नियंत्रण, स्पानिंग, मशरूम गृह का आकार-प्रकार एवं आवरण मृदा की तैयारी, शोधन एवं प्रयोग की जानकारी डा. एस.के. मिश्रा, डा. गीता शर्मा, डा. रेनू सिंह, डा. सत्य कुमार, श्री सर्वेश कुमार एवं श्री अरूण कुशवाहा द्वारा दी गयी। कार्यक्रम का संचालन विषय वस्तु विशेषज्ञ, डा. मोहन सिंह एवं प्रशिक्षण सहायक, श्रीमती डी. शर्मा ने किया। कार्यक्रम में उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश राज्यों से 19 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतिभाग किया।

प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते वैज्ञानिक।

-